

# सराफा व्यापारियों को सिखाए मुनाफे की सुरक्षा के गुर, कानूनों के प्रति किया जागरूक

- कानूनी पेचीदगियों और तेजी-मंदी के दौर में सराफा व्यापार को बचाने की मिली ट्रेनिंग

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय सराफा व्यापारी एसोसिएशन सुंवासरा द्वारा शामगढ़ रोड स्थित मधुबन गार्डन में एक दिवसीय विशाल जागरूकता सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा, म.प्र. सराफा एसोसिएशन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी कॉलोनाइजर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में सीए प्रकीर्ण सिंहल आगर व मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रणव निर्गुडे मुम्बई थे। सराफा एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष उमेश सोनी, सुवासरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र धनोतिया, सीतामऊ अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी काका, कमल सोनी भी मंचासीन थे।

विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर व्यापारी अपने मुनाफे को लॉक कर सकते हैं और अनावश्यक वित्तीय घाटे से बच सकते हैं। म.प्र. सराफा एसोसिएशन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय सोनी कॉलोनाईजर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बदलते दौर में सराफा व्यापार के स्वरूप में बड़े बदलाव आए हैं। व्यापारियों को अब केवल दुकानदारी ही नहीं, बल्कि कानूनी पेचीदगियों और तकनीकी ज्ञान से भी लैस होना होगा। यह सेमिनार हमारे क्षेत्र के व्यापारियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में सोने-चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं के दामों में हो रही अप्रत्याशित तेजी-मंदी से व्यापार को सुरक्षित रखना है।




मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा ने सराफा व्यापारियों को गिरवे में आ रही समस्याओं के बारे में प्रकाश डाला व उन्हें दूर करने का उपाय बताया।

मुख्य वक्ता सीए प्रकीर्ण सिंहल आगर ने जीएसटी, इनकम टैक्स, ई-वे बिल और मनी लेंडिंग एक्ट (साहूकारी कानून) में हुए हालिया संशोधनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने धारा 411 के संदर्भ में व्यापारियों को सावधान रहने और आवश्यक दस्तावेजीकरण को मजबूत करने की सलाह दी।

मुख्य वक्ता मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रणव निर्गुडे मुम्बई ने हेजिंग और रिस्क मैनेजमेंट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भावों के उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने के लिए व्यापारियों को मल्टी एक्सचेंज प्लेटफॉर्म का सही उपयोग सीखना चाहिए।साथ ही उन्होने कहा कि हमें व्यापार करते समय सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए और सभी सरकारी नियमों का पालन करते हुए अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए।

सेमिनार में हॉलमार्किंग के नए नियमों पर चर्चा की गई और बताया गया कि कैसे शुद्धता की गारंटी देकर ग्राहक का भरोसा जीता जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित व्यापारियों की शंकाओं का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

अतिथि स्वागत महेश मोदी, रवि मेहता, लोकेन्द्र धनोतिया, दिनेश सोनी शामगढ़, देवीलाल सोनी बघुनिया, महेश सोनी, जगदीश सोनी हतुनिया, दिनेश चौधरी, हरिओम सोनी, कृष्णकांत सेठिया, पियुष सेठिया, गौरव धनोतिया, प्रवीण सोनी, हरिश सोनी, श्याम सोनी, राधेश्याम सोनी, पवन सोनी, विजय सोनी, आकाश सोनी, बद्रीलाल सोनी गरोठ सहित मंदसौर, सुंवासरा, सीतामऊ, शामगढ़ और गरोठ के बड़ी संख्या में सराफा व्यापारियों एवं कारीगरों ने शिरकत की।

संचालन गौरव सोनी ने करते हुए कहा कि एकजुटता ही व्यापारियों की सबसे बड़ी शक्ति है। आपने सराफा व्यापारियो को आ रही समस्याओं की भी ध्यान आकर्षित किया एवं आभार सराफा एसोसिएशन सुवासरा अध्यक्ष नरेन्द्र धनोतिया ने व्यक्त किया।



## सीतामऊ : खेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा निकली

**सीतामऊ। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम खेड़ा में गौअमृत सेवा समिति द्वारा 9 से 15 जनवरी 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचन प्रतिदिन दोपहर 12.15 बजे से सायं 4.30 बजे तक मनोज महाराज जी दवे के श्रीमुख से होगा।**

आयोजन के शुभारंभ अवसर पर आज कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।कथा का समापन 15 जनवरी को दोपहर 4 बजे महाप्रसादी के साथ किया जाएगा। इसी दिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन गलियारा रोड, खेड़ा में संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री केशरीनंदन सुंदरकांड समिति एवं समस्त ग्रामवासी खेड़ा के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## 9 दिनों बाद अस्थायी रूप से स्थगित हुआ राणा पुंजा भील चौराहा आंदोलन



**मंदसौर।** नगर मंदसौर में वीर शिरोमणि राणा पुंजा भील के सम्मान में चौराहा स्थापना नामंकरण एवं मूर्ति अनावरण की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज 09 दिवस बाद समाज द्वारा अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया। यह धरना पूर्णतः शांतिपूर्णए लोकतांत्रिक एवं संविधान सम्मत रहा जिसमें समाज के लोगों ने अनुशासनए संयम और कानून व्यवस्था का पूरा पालन किया।धरने के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से हुई चर्चाओं एवं प्राप्त आश्वासनों साथ ही नगर की शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समाज ने यह निर्णय लिया कि आंदोलन को फिलहाल स्थगित किया जाए। समाप्त नहीं। समाज संगठन की ओर से प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद मंदसौर से यह स्पष्ट अपेक्षा रखी गई है, कि नगर पालिका परिषद की आगामी बैठक में राणा पुंजा भील चौराहा का प्रस्ताव रखा जाए।प्रस्ताव पर समयबद्ध निर्णय लिया जाए मूर्ति अनावरण की स्पष्ट तिथि घोषित की जाए चौराहा चयन के बाद सीन बोर्ड नाम पट्ट की अनुमति दी जाए बैठक में समाज के 05 प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए समाज ने स्पष्ट किया है, कि यदि तय समय .सीमा में ठोस एवं लिखित कार्यवाही नहीं होती है। तो संविधान प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत प्रशासन को पूर्व सूचना देकर पुनः शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जा सकता है।जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।यह आंदोलन किसी व्यक्ति या दल के विरोध में नहीं बल्कि इतिहास सम्मान और जनभावना के समर्थन में है।

## सरकारी स्कूल के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया नवाचार का दम




**मन्दसौर।** स्थानीय नूतन स्कूल हॉल मंदसौर में विकासखंड स्तरीय विज्ञान मेंले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नूतन स्कूल प्राचार्य प्रीति जैन ने की । मंदसौर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक रामलाल लोधवार, बीएससी प्रदीप तनवानी व बंशीलाल चौहान ने विज्ञान प्रदर्शनी में आए मॉडल का अवलोकन किया वह उनकी सराहना की स कार्यक्रम प्रभारी पंकज कुमार गहलोत ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया प्रदर्शनी में मॉडल, लघु नाटिका, सोलो सॉन्ग, सेमिनार आदि विधाओं में बच्चों ने अपना हुनर दिखाए। मॉडल में प्रमुख आकर्षण निर्देशक तल, कृषि यंत्र स्मार्ट कृषि, डेंगू मुक्त जोन, सजीव निर्जीव मॉडल थे, लघु नाटिका में बाल विवाह, पर्यावरण संदेश प्रमुख आकर्षण रहे।उक्त प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाल वैज्ञानिक जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम का संचालन मनीष बैरागी सांदीपनि विद्यालय ने किया स प्रदर्शनी का अवलोकन 400 से अधिक बच्चों ने किया। उक्त प्रदर्शनी में कई शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे जिन्होंने बाल वैज्ञानिकों के प्रयासों की खूब सराहना की।

# श्री तीन छत्री बालाजी धाम में आयोजित होगा भव्य 'श्री तुलसी-शालिग्राम' विवाह महोत्सव

- आज मिथिलेश नागर के मुखारविंद से होगा संगीतमय सुंदरकांड
- 10 से 14 जनवरी तक होंगे विभिन्न आयोजन

**मंदसौर।** नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल श्री तीन छत्री बालाजी धाम, केशव बस्ती प्रतापपुरा मंदसौर में आगामी 10 से 14 जनवरी 2026 तक पांच दिवसीय भव्य 'तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। सरभंग ऋषि आश्रम (चित्रकूट धाम) के श्री श्री 1008 श्री महंत राम शिरोमणि दास जी महाराज एवं श्री तीन छत्री बालाजी धाम के महंत श्री श्री 108 महंत रामकिशोर दास महाराज के पावन सानिध्य में यह आयोजन संपन्न होगा।



पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे जिसमें 10 जनवरी शनिवार को सायं 4 बजे गणेश पूजन एवं रात्रि 8 बजे श्री मिथिलेश जी नागर द्वारा 'सुन्दरकाण्ड पाठ' होगा। 11 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे माताजी पूजन, 12 जनवरी सोमवार को रात्रि 8 बजे भजन संध्या जिसमें प्रतापगढ़ वाले नवीन महाराज भजनों की प्रस्तुति देंगे।13 जनवरी मंगलवार को सायं 6 बजे मण्डप विधान होगा। 14 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे मामेरा, दोपहर 2 बजे तिलक चिड़ी और सायं 6 बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा।

विवाह की रस्में पूर्णतः वैदिक रीति-रिवाज और परंपराओं के साथ निभाई जाएंगी। भगवान श्री हरी शालिग्राम जी की बारात 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे श्री विजय हनुमान मंदिर (मीरा भक्ति आश्रम, बरडिया नाल, राज.) से प्रस्थान कर पुराना बस स्टेण्ड स्थित बड़े बालाजी से प्रारंभ होकर तीन छत्री बालाजी धाम पहुंचेगी। श्री तीन छत्री बालाजी सुन्दरकाण्ड मण्डल, व्यायाम शाला एवं समस्त परिकर मंदसौर ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी जनता से इस 'पाणिग्रहण संस्कार' (शुभ विवाह) और 'महाप्रसादी' सहित सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## नगर के प्रथम देहदानी कुमठ की पुण्यतिथि पर स्नात्र पूजा का विधान

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** नगर के प्रथम देहदानी स्वर्गीय मिश्रीलाल कुमठ के 12 वें पुण्य स्मरण दिवस पर धार्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर विमलनाथ जैन मंदिर में प्रातः 9 बजे से स्नात्र पूजा एवं अष्टप्रकारी पूजा का विधान विधिविधान से संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत स्नात्र पूजा से हुई। इस अवसर पर पूजा का महत्व बताते हुए जैन संघ के वरिष्ठ सदस्य अभयकुमार पोरवाल ने कहा कि स्नात्र पूजा जैन धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। किसी भी धार्मिक पूजा या अनुष्ठान का प्रारंभ स्नात्र पूजा के बिना पूर्ण नहीं माना जाता। यह पूजा आत्मा की शुद्धि, कर्मों के क्षय एवं मन में शुभ भावों के जागरण का माध्यम है। साथ ही यह सांसारिक बाधाओं को दूर कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है तथा मोक्ष प्राप्ति की दिशा में पुण्य संचय का अवसर प्रदान करती है। स्नात्र पूजा के पश्चात



अष्टप्रकारी पूजा का विधान संपन्न हुआ, जिसमें केशर, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य एवं फल प्रभु को समर्पित किए गए। दोपहर में पुण्य स्मरण दिवस के उपलक्ष्य में सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस क्रम में सिंदपन गौशाला में गौसेवा करते हुए गायों को गुड़ खिलाया गया। समाजजनों ने इसे स्व. कुमठ के सेवा भाव को आगे बढ़ाने का प्रतीक बताया। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र ने कहा स्व. मिश्रीलाल कुमठ द्वारा किए गए समाजोत्थान एवं जनकल्याणकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी सराहना की। उन्होंने बताया कि कुमठ परिवार द्वारा नगर को जल मंदिर, पुस्तकालय भवन, विद्यालयों में कक्ष निर्माण, चिकित्सालय में कक्ष, श्मशान घाट विकास सहित अनेक स्थायी विकास कार्य समर्पित किए गए हैं, जो आज भी आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। डॉ. रविन्द्र ने कहा कि स्व. मिश्रीलाल कुमठ दान और सेवा की भावना से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। उन्होंने जीवन भर उच्च आदर्शों का पालन किया और जीवन के अंतिम समय में देहदान कर समाज के समक्ष एक प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## पार्षद गौड़ ने नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर में वार्ड क्र. 05 के पार्षद एवं भाजपा जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ एवं सदस्य लोक निर्माण एवं स्वच्छता समिति आशीष गौड़ (एड्व्होकेट) ने कलेक्टर से मांग की है कि कर्मचारियों द्वारा दिनांक 6 जनवरी 2026 (मंगलवार) को बिना बताये हडताल पर चले जाने तथा नगरपालिका मे अचानक ताला लगा दिये जाने से आमजन के कार्य प्रभावित होने तथा कर्मचारीयो द्वारा शासकीय कार्य के प्रति जानबुझकर लापरवाही एवं निकाय को हानि पहुंचाने के गंभीर कदाचरण की श्रेणी होने के कारण अनुशासत्मक व दण्डात्मक कार्रवाई की जायें।



गौड़ ने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया कि दिनांक 05 जनवरी 2026 को नगरपालिका परिषद् मंदसौर के सहायक इंजीनीयर रोहित केथवास तथा पार्षद प्रतिनिधि विक्रम भैरवे के मध्य अचानक विवाद हो गया जिसके चलते नगरपालिका इंजीनीयर रोहित केथवास द्वारा शहर कोतवाली मंदसौर में पार्षद प्रतिनिधि विक्रम भैरवे के खिलाफ मारपीट, गालीगलोच तथा शासकीय कार्य मे बांधा का प्रकरण दर्ज करवाया। घटना के अगले दिन नगरपालिका परिषद मंदसौर के तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारियों पार्षद प्रतिनिधि द्वारा की गई घटना के विरूद्ध में लामबंध हो गये नगरपालिका परिषद् के अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो द्वारा एक दिन की हडताल करते हुए एक ज्ञापन नगरपालिका सीएमओ को दोपहर पश्चात् दिया जिसमे अधिकारीयो एवं कर्मचारीयो द्वारा जो मांग की गई तथा नारे लगाये वह भी हास्याप्रद व दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात शांतिपूर्वक एवं विधिसमवत् कहने और विरोध जताने का अधिकार है, जो कि संविधान द्वारा हमे प्रदत है। जिसकी विरोध की सीमा भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित की है। चुकि पुलिस शहर कोतवाली मंदसौर द्वारा घटना दिनांक को ही प्रकरण दर्ज कर लिया था किन्तु उनके पश्चात् भी अगले दिन नगरपालिका मंदसौर के कर्मचारीयों व अधिकारीयो घटना के विरोध में लामबंध हुए, नगरपालिका परिषद् के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा दिया तथा सभी विभाग प्रमुखों द्वारा अपने अपने विभागो मे बिना किसी अनुमति के दरवाजे बंद कर दिये। इस वजह से मंदसौर नगर की आम जनता को भारी परेशानी का सामन करना पड़ा। इसलिए गौड़ ने नपा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक व दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु कलेक्टर मंदसौर से मांग की है।



## रेवा नदी पर नई पुलिया का निर्माण प्रगति पर, शिव मंदिर से जोड़ने की उठी मांग

**भानपुरा।** क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, परिषद की स्वीकृति एवं क्षेत्रीय विधायक चंदर सिंह सिसोदिया के प्रयासों से रेवा नदी पर नागर माता पुल के समीप नवीन पुलिया का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह कार्य 1 जनवरी 2026 से प्रारंभ किया गया।

नगर की जीवनदायिनी मां रेवा नदी पर बनी पुरानी पुलिया जर्जर एवं संकीर्ण होने के कारण आवागमन का भारी दबाव झेल रही थी। इस मार्ग से गांधीसागर बाईपास, बड़ा महादेव, छोटा महादेव, इंदरगढ़ मारुति आश्रम, श्री फूटा गणेश मंदिर, नई व पुरानी नागर माता तीर्थ धाम, ग्राम कातना सहित कृषि क्षेत्रों तक निरंतर आवागमन होता है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। नई पुलिया के निर्माण से आने वाले समय में यातायात में सुगमता मिलेगी।

लोक निर्माण विभाग की सब इंजीनियर प्रियंका डाबर ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 को लेआउट जारी होने के बाद 1 जनवरी 2026 से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यह पुलिया लगभग 3 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से 100 मीटर लंबी, 10 मीटर चौड़ी एवं 2.5 से 3 मीटर ऊंची बनाई जा रही है।

# सरकारी औद्योगिक पहल से महिला बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

**मंदसौर।** सरकार की औद्योगिक नीति और महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रभाव से मंदसौर की श्रीमती दिव्या गोस्वामी आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनी हैं। एमए शिक्षित श्रीमती गोस्वामी ने मुलतानपुरा औद्योगिक क्षेत्र में डिस्पोजल आइटम निर्माण इकाई स्थापित कर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उद्योग विभाग द्वारा उन्हें 5 हजार स्क्वायर फीट भूमि आवंटित की गई, जहां उन्होंने बालाजी इंटरप्राइजेस की स्थापना की। वर्तमान में इस इकाई में 4 महिलाएं कार्यरत हैं, जबकि निकट भविष्य में लगभग 10 और महिलाओं को रोजगार देने की योजना है। यहां निर्मित डिस्पोजल आइटम 50 व 100 पीस की पैकिंग में मंदसौर के स्थानीय बाजार में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्रीमती गोस्वामी ने शासन के सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी प्रोत्साहन नीति से उन्हें उद्यम स्थापित करने का आत्मविश्वास मिला।



# लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने वात्सल्यधाम में खुशियां बांटी

- स्वेटर और गजक पाकर खिले बुजुर्गों के चेहरे

**मंदसौर।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा सेवा के संकल्प को दोहराते हुए स्थानीय वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में स्वेटर एवं अल्पाहार वितरण का आयोजन किया गया। 'आओ खुशियां बांटें' अभियान के अंतर्गत क्लब के सदस्यों ने न केवल बुजुर्गों को गर्म वस्त्र भेंट किए, बल्कि उनके साथ समय बिताकर उनका आशीर्वाद भी लिया।

इस सेवा कार्य में कृष्णा गनेड़ीवाल के विशेष सहयोग से वात्सल्यधाम के सभी बुजुर्गों एवं वहां कार्यरत समस्त कर्मचारियों को गरम स्वेटर वितरित किए गए।ठंड के मौसम में मिठास घोलने के उद्देश्य से सुषमा नाहटा के सहयोग से सभी को गजक के पैकेट भी भेंट किए गए। नया स्वेटर और गजक पाकर सभी वृद्धजन भावविभोर हो उठे और उनकी आंखों में खुशी की चमक दिखाई दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्ष उषा चौधरी ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहना कोई मजबूरी नहीं, हमारा कर्तव्य है कि हम इन्हें यह महसूस कराएं कि समाज इनके साथ खड़ा है। बुजुर्ग हमारी जड़ें हैं और इनकी सेवा से मिलने वाला आशीर्वाद ही क्लब की वास्तविक पूंजी है।ठंड के इस मौसम में एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बड़ी राहत ला सकता है।लायंस क्लब का उद्देश्य केवल वस्तुएं बांटना नहीं, बल्कि उन चेहरों पर मुस्कान लाना है जो अपनों के साथ की राह देखते हैं।

इस अवसर पर क्लब की सचिव सीमा धनोतिया, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, कृष्णा गनेड़ीवाल, सुषमा नाहटा एवं चित्रा मंडलोई सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं। सभी ने मिलकर बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और उनके अनुभव सुने।

## दशपुर जागृति संगठन अपना सोलहवां स्थापना दिवस कल मनाएगा

**मंदसौर।** महान क्रांतिकारियों के लिए समर्पित देश का पहला संगठन भगवान पशुपतिनाथ की नगरी से संचालित लगातार अपनी 15 वर्षों की यात्रा पूर्ण करते हुए 16 वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। इस यात्रा में संगठन ने बड़ी उपलब्धियां हासिल करी। धर्म और जाति के नाम पर नामकरण पर रोक लगी है राष्ट्र के अंदर एक आधार कार्ड एक संपत्ति का नारा बुलंद किया गया है। सैनिकों को बच्चों को 15 अगस्त, 26 जनवरी पर विशेष सम्मान की मांग करते हुए संगठन आगे बढ़ रहा है।

संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पुराणिक द्वारा बताया गया कि इसी कड़ी में संगठन द्वारा 11 जनवरी स्थान मैनपुरिया चौराहा शनिमंदिर पर प्रातः 9.30 बजे महामृत्युंजय महायज्ञ होगा उसके पश्चात 11.30 बजे मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए मंदसौर नीमच जावरा के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, मंदसौर क्षेत्र के विधायक विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, समाजसेवी कृष्ण पाल सिंह शक्तावत मुंदड़ी कार्यक्रम में गरिमा प्रदान करेंगे। नगर की सभी प्रतिमाओं को विशेष सफाई के साथ विद्युत साज सज्जा की जाएगी। 16 वर्षों की यात्रा पूर्ण करने पर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले एवं शासकीय क्षेत्र में कार्य करने वालों के द्वारा 16 मशाल प्रज्वलन की जाएगी। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों के साथ संगठन का झंडा तिरंगे झंडे को फहराया जाएगा दोनों झंडों के बीच 16 वर्ष की बड़ी मशाल प्रज्वलन करते हुए संगठन की वरिष्ठ सभी सदस्य शपथ लेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र कुमार विश्नोई, उपाध्यक्ष बीएस सिसोदिया, सचिव आशीष बंसल, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष आरसी पांडे सर, कोषाध्यक्ष अरुण गौड़, हरिनारायण टेलर, संरक्षक राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान खालिद, महिला नगर अध्यक्ष सीमा चौरडिया, परामर्शदाता सुभाष गुप्ता, अर्चना गुप्ता ने सभी से आवाहन किया है।

**एक नजर** उपमुख्यमंत्री देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में जीनगर समाज का नि:शुल्क प्रथम परिचय सम्मेलन

## पांचवां प्रतिभा सम्मान समारोह 11 जनवरी को

**मंदसौर।** जीनगर समाज मंदसौर के तत्वावधान में आगामी 11 जनवरी 2026, रविवार को एक भव्य प्रादेशिक कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम, शासकीय महाविद्यालय परिसर, महू-नीमच रोड, मन्दसौर पर होने जा रहा है। जीनगर शिक्षा जागृति मंच मंदसौर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 'नि:शुल्क प्रथम विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन' के साथ-साथ 'पाँचवां प्रतिभावान सम्मान समारोह' संपन्न होगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री माननीय जगदीश देवड़ा होंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा और युवक-युवतियों का परिचय सत्र आयोजित होगा।



कार्यक्रम संयोजक गणेश सोनगरा, हुकुमचन्द पंवार, हरीश पंवार और अध्यक्ष अनिल सांखला ने बताया कि 11 जनवरी रविवार को प्रातः 10 से 11 बजे आगंतुक युवक-युवतियों व समाजजनों पंजीयन होंगे तत्पश्चात् 11 बजे से परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजजन जुटे हुए हैं। प्रदेश भर से युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन हेतु पंजीयन प्राप्त हुए है। साथ ही समाज के 10वीं, 12वीं, स्नातक, उच्च शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों व समाज की खेल प्रतिभाओं का सम्मान होगा। वहीं समाज के सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों एवं शासकीय नौकरी प्राप्त युवाओं को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा।

समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र खींची, गंगाराम सोनगरा, महासचिव हस्ती सांखला, भेरूलाल गोयल, सचिव राजकुमार पंवार, संयुक्त सचिव महेश चौहान, कोषाध्यक्ष विमल सोनगरा, सह. कोषाध्यक्ष तरुण चौहान, प्रवक्ता जितेन्द्र चौहान सहित कार्यकारिणी सदस्य सतीश खींची, विनोद बोराना, गणेश पंवार, सुनील गोयल, सदस्य पवन पंवार, मनीष सिसोदिया, अजय चौहान, देवेन्द्र सांखला, राकेश पंवार, राकेश सांखला, रुपेश खींची, सुशील सोनगरा, प्रमोद पंवार, नीलेश खींची, वरिष्ठ सदस्य हरीश बोराना, डॉ. के.एल. राठौर, मदनलाल सांखला, सुरेश बोराना, दिलीप सांखला, हुकुमचन्द आसेरी, ताराचंद खींची, टीकमचंद सांखला आदि ने समस्त जीनगर समाजजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को गौरवान्वित करें।